Sl.No. :

नामांक Roll No.

No. of Questions – 23

No. of Printed Pages – 11 + map

S–08–Social Science

# माध्यमिक परीक्षा, 2023

# SECONDARY EXAMINATION, 2023

## सामाजिक विज्ञान

## SOCIAL SCIENCE

समय : 3 घण्टे 15 मिनिट

पूर्णांक : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

   Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

   **All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

## खण्ड – अ
## SECTION - A

बहुविकल्पी प्रश्न :

Multiple Choice Questions :

1) निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

Select the correct answer of following questions and write in the answer book.

i) जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड कब हुआ था? [1]

अ) 9 अप्रैल, 1919 ब) 10 अप्रैल, 1919

स) 13 अप्रैल, 1919 द) 19 अप्रैल, 1919

When did the Jallianwala Bagh massacre take place?

A) 9 April, 1919 B) 10 April, 1919

C) 13 April, 1919 D) 19 April, 1919

ii) महात्मा गांधी ने कौन–से गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया था? [1]

अ) प्रथम ब) द्वितीय

स) तृतीय द) इनमें से कोई नहीं

In which round table conference did Mahatma Gandhi participate?

A) First B) Second

C) Third D) None of these

iii) प्रसिद्ध ब्रेटन वुड्स नामक स्थान किस देश में है? [1]

अ) अमेरिका ब) इंग्लैण्ड

स) द. अफ्रीका द) चीन

In which country is the famous place Bretton Woods?

A) America B) England

C) South Africa D) China

iv) निम्न में से किसे एक नये युग का पहला प्रतीक कहा गया? [1]

अ) ऊन

ब) कपास

स) रेशम

द) जूट

Which of the following has been called the first symbol of a new era?

A) Wool

B) Cotton

C) Silk

D) Jute

v) पटसन व पटसन निर्मित सामान का सबसे बड़ा उत्पादक देश कौन–सा है? [1]

अ) भारत

ब) बांग्लादेश

स) चीन

द) श्रीलंका

Which country is the largest producer of raw jute and jute goods?

A) India

B) Bangladesh

C) China

D) Sri Lanka

vi) किस देश में सत्ता का बँटवारा सामाजिक समूहों में होने पर 'सामुदायिक सरकार' दिखाई देती है? [1]

अ) श्रीलंका

ब) भारत

स) बेल्जियम

द) ब्रिटेन

In which country 'Community Government' appears when power is shared among social groups?

A) Sri Lanka

B) India

C) Belgium

D) Britain

vii) एक विचारधारा जो अधिकारों एवं अवसरों के मामले में स्त्री व पुरूष को बराबर मानती है, वह है – [1]

अ) साम्प्रदायिक

ब) नारीवादी

स) तानाशाही

द) जातिवादी

An idealogy which believes in equal rights and opportunities for women and men, is -

A) Communalist

B) Feminist

C) Dictatorship

D) Castiest

viii) 'सेवन पार्टी अलायंस' का सम्बन्ध किस देश से रहा है? [1]

अ) श्रीलंका

ब) नेपाल

स) भारत

द) पाकिस्तान

'Seven Party Alliance' is associated with which country?

A) Sri Lanka

B) Nepal

C) India

D) Pakistan

ix) बाजार में उपभोक्ता के लिए नियमों और विनियमों की आवश्यकता होती है – [1]

अ) उपभोक्ता की सुरक्षा के लिए

ब) उपभोक्ता के शोषण के लिए

स) उपभोक्ता के आकर्षण के लिए

द) उपभोक्ता के अनुचित व्यवहार के लिए

The market requires rules and regulations for the consumer -

A) For consumer's protection

B) For consumer's exploitation

C) For consumer's attraction

D) For consumer's unfair behaviour

x) भारत में इसके द्वारा करेंसी नोट जारी किए जाते है – [1]

अ) बैंक ऑफ इण्डिया

ब) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

स) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया

द) यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

Currency notes are issued in India by -

A) Bank of India

B) State Bank of India

C) Reserve Bank of India

D) Union Bank of India

xi) कौन–सा प्रगलन उद्योग भारत में दूसरा सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण धातु शोधन उद्योग हैं? [1]

अ) लौह अयस्क प्रगलन

ब) एल्यूमिनियम प्रगलन

स) तांबा प्रगलन

द) सीसा प्रगलन

Which smelting industry is the second most important metallurgical industry in India?

A) Iron ore smelting

B) Aluminium smelting

C) Copper smelting

D) Lead smelting

xii) निम्न में से कौन–सी कम्पनी एक से अधिक देशों में उत्पादन पर नियंत्रण अथवा स्वामित्व रखती है? [1]

अ) स्थानीय कम्पनी

ब) सरकारी कम्पनी

स) राष्ट्रीय कम्पनी

द) बहुराष्ट्रीय कम्पनी

Which of the following company controls or owns production in more than one country?

A) Local company

B) Government company

C) National company

D) Multinational company

2) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये –

Fill in the blanks -

i) प्रथम महायुद्ध मुख्य रूप से ________ महाद्वीप में ही लड़ा गया। [1]

The First World War was mainly fought in the continent of ________.

ii) सुन्दर लेखन की कला ________ कहलाती है। [1]

The art of beautiful writing is called ________.

iii) सन् ________ में श्रीलंका स्वतन्त्र राष्ट्र बना। [1]

Sri Lanka became an independent nation in ________.

iv) यूएनडीपी द्वारा प्रकाशित मानव विकास रिपोर्ट देशों की तुलना शैक्षिक स्तर, ________ और प्रति व्यक्ति आय के आधार पर करती है। [1]

Human Development Report published by UNDP compares countries on the basis of educational level, ________ and per capita income.

v) ________ प्रणाली में मुद्रा का उपयोग किये बिना वस्तुओं का विनिमय होता है। [1]

In the ________ system goods are exchanged without the use of money.

vi) 24 दिसंबर 1986 में भारतीय संसद में ________ अधिनियम पारित किया गया। [1]

The ________ act was passed in the Indian Parliament on 24 December, 1986.

3) अतिलघुत्तरात्मक (प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिये) :

Very short answer type questions (Write the answer of the questions in one word or in one line) :

i) 1860 के दशक में किस देश के गृहयुद्ध के कारण भारत से कच्चे कपास के निर्यात में वृद्धि हुई थी? [1]

Which country's civil war led to an increase in exports of raw cotton from India in the 1860's?

ii) अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक को अन्य किस नाम से जाना जाता है? [1]

By what other name is the International Bank for Reconstruction and Development known?

iii) जोहानिस गुटेन्बर्ग ने किस यंत्र का आविष्कार किया था? [1]

Which machine was invented by Johannes Gutenberg?

iv) दीनदयाल पत्तन कौन–से राज्य में स्थित है –

In which state the Deendayal port is located? [1]

v) जहाँ भूमि पर जनसंख्या का दबाव अधिक होता है वहाँ पर की जाने वाली कृषि का नाम बताइए। [1]

Mention the name of the farming which is practised in areas of high population pressure.

vi) आपके अनुसार सिंचाई ने कई क्षेत्रों में फसल प्रारूप कैसे परिवर्तित कर दिया है? संक्षेप में बताइए। [1]

According to you, how irrigation has changed the cropping pattern of many regions? Mention in brief.

vii) 'समरूप समाज' किन देशों में पाया जाता है? कोई दो नाम बताइये। [1]

Name any two countries in which 'Homogenous Society' is found.

viii) सामाजिक विभाजन अधिकांशतः किस पर आधारित होता है? [1]

Social division is mostly based on what?

ix) 'बोलिविया के जलयुद्ध' का नेतृत्व किस संस्था ने किया था? [1]

Which organization led the 'Bolivia Water War'?

x) प्राथमिक क्षेत्रक से आप क्या समझते है? [1]

What do you understand by primary sector?

xi) ग्रामीण क्षेत्र में असंगठित क्षेत्रक के श्रमिकों का संरक्षण कैसे हो सकता है? कोई एक उदाहरण दीजिए।[1]

How can unorganized sector workers be protected in rural areas? Give any one example.

xii) एक भूमिहीन ग्रामीण मजदूर के विकास के किन्हीं दो लक्ष्यों का उल्लेख कीजिए। [½+½=1]

Mention any two goals of development of a landless rural labourer.

## खण्ड – ब
## SECTION - B

लघुत्तरात्मक प्रश्न – प्रश्न सं. 04 से 16 के उत्तर लिखिए (शब्द सीमा : 50 शब्द) :
Short answer type questions - Write the answer from Q. No. 04 to 16 (Word limit : 50 words):

4) वियना संधि की कोई दो विशेषताएं बताइये।
Mention any two features of Treaty of Vienna. [1+1=2]

5) बाजार में श्रम की बहुतायत से मजदूरों की जिंदगी किस प्रकार प्रभावित हुई?
How was the life of the workers affected by the abundance of labour in the market? [2]

6) "कर्तन–दहन" कृषि क्या है?
What is a "Slash and Burn" agriculture? [2]

7) वन्य जीवों की सुभेद्य जातियों पर टिप्पणी लिखिए।
Write a note on vulnerable species of wild life. [2]

8) "समय की माँग है कि हम अपने जल संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन करे" स्पष्ट कीजिए। [2]
"The need of the hour is to conserve and manage our water resources." Explain.

9) रेल परिवहन की अपेक्षा सड़क परिवहन की बढ़ती महत्ता के दो कारण लिखिए। [1+1=2]
Write two reasons of the growing importance of road transport vis-a-vis rail transport.

10) राजनीतिक दल के कोई दो कार्यों की विवेचना कीजिये। [2]
Discuss any two functions of political party.

11) आप लोकतन्त्र को उत्तरदायी, जिम्मेदार और वैध शासन मानते है। क्यों? संक्षेप में बताइये। [2]
You consider democracy to be accountable, responsive and legitimate government. Briefly explain why?

12) लोकतन्त्र को पुर्नपरिभाषित करने के लिये इसमें जोड़ने के कोई दो बिन्दु बताइये।
Mention any two points to be added to redefine democracy. [2]

13) नवीकरणीय एवं गैर नवीकरणीय संसाधनों को परिभाषित कीजिए।
Define renewable and non renewable resources. [1+1=2]

14) सार्वजनिक और निजी क्षेत्रकों में विभेद कीजिए।
Differentiate between public and private sector. [1+1=2]

15) बैंकों की ऋण संबंधी गतिविधियों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।
Briefly explain the lending activities of banks. [2]

16) भारत में उपभोक्ता आंदोलन को प्रभावी बनाने के किन्हीं दो कारकों का वर्णन कीजिए। [1+1=2]
Describe any two factors which made the consumer movement effective in India.

## खण्ड - स
## SECTION - C

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – प्रश्न 17 से 20 के उत्तर लिखिए (शब्द सीमा : 100 शब्द) :**
Long answer type questions - Write the answers of the questions 17 to 20 (Word limit : 100 words) :

17) इटली के एकीकरण का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। [3]
Briefly describe the unification of Italy.

18) यदि आपको संसाधन नियोजन करना है तो आप कौन–कौन से सोपानों का प्रयोग करेंगे? [3]
If you have to do resource planning, which steps would you use?

19) भारत में महिलाओं को राजनीति में प्रतिनिधित्व देने की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त कीजिये। [3]
Express your views on the status of representation of women in politics in India.

20) 'विदेश व्यापार विभिन्न देशों के बाजारों के एकीकरण में सहायक होता है।' इस कथन के पक्ष में अपने तीन तर्क दीजिए। [1×3=3].
'Foreign trade helps in the integration of the markets of different countries'. Give your three arguments in favour of this statement.

## खण्ड – द
## SECTION - D

निबन्धात्मक प्रश्न – प्रश्न सं. 21 से 22 के उत्तर लिखिए (शब्द सीमा : 250 शब्द) :

Essay type questions - Write the answer from Q. No. 21 to 22 (Word limit : 250 words):

21) सविनय अवज्ञा आन्दोलन का सविस्तार वर्णन कीजिए। [4]

Describe in detail the Civil Disobedience Movement.

अथवा/OR

'राष्ट्रवाद का विचार भारतीय लोक कथाओं को पुनर्जीवित करने के आन्दोलन से भी मजबूत हुआ' कथन के पक्ष में अपने तर्क दीजिए। [4]

'Ideas of nationalism also developed through a movement to revive Indian Folklore.' Give your arguments in favor of the statement.

22) संघवाद का अर्थ बताते हुए संघीय व्यवस्था के गठन के तरीकों को सोदाहरण समझाइये। [4]

Describing the meaning of Federalism and explain the methods of formation of Federal system with examples.

अथवा/OR

भारत में संघीय व्यवस्था के विविध स्तर बताते हुए इनमें शक्ति वितरण की सूचियों की विवेचना कीजिये। [4]

Explaining the different levels of Federal System in India, discuss the lists of power distribution in them.

23) प्रश्न का उत्तर दिये गये मानचित्र में दीजिए :-

Write the answer in the given map :-

दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित लौह अयस्क खानों को अंकित कीजिए - [1+1+1+1=4]

अ) कुद्रेमुख

ब) रत्नागिरी

स) चित्रदुर्ग

द) गोआ

Mark the following Iron ore mines in the given outline map of India -

A) Kudremukh

B) Ratnagiri

C) Chitradurga

D) Goa

अथवा/OR

दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित लौह अयस्क खानों को अंकित कीजिए - [1+1+1+1=4]

अ) बल्लारि

ब) चिक्कमंगलुरू

स) बेलाडिला

द) मयूरभंज

Mark the following Iron ore mines in the given outline map of India -

A) Ballari

B) Chikkamagaluru

C) Bailadila

D) Mayurbhanj